गानसल्वास..सुनाकर लोटपोट किया।

डा.अवकेश मालवीय ने नीले नीले

एकल व युगल नगमो से एक शाम किशोर

अवसर पर वरिष्ठ सिंगर के सुपुत्रा अनुज

# वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर आयोजित किया गया





वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन दिनांक 07.08.2025 को ग्राम पंचायत पिपल्या नगर एवं ग्राम पंचायत जामनेर मे खातों मे ऋद्ध-यद्बुष्ट, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, एवं वित्तीय वित्तीय समावेशन हेतु किया गया 7 कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण अर्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा की गई,उक्त शिविर मे भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल से महाप्रबंधक हेमंत कुमार सोनी,भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल अग्रणी जिला अधिकारी अंकुश सिन्हा,बैंक ऑफ़ इंडिया आंचलिक प्रबंधक अजीत कुमार शरण, अग्रणी जिला प्रबंधक

विनोद कुमार कुशवाह, बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा नांदनी शाखा प्रबंधक लखन ठाकुर, बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा जामनेर शाखा प्रबंधक श्रीमती हर्षा विलास,बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा कालापीपल प्रबंधक अमित कुमार गुप्ता ग्राम पंचायत पिपल्या नगर सरपंच प्रतिनिधि प्रेमनारायण मीणा, ग्रामपंचायत जामनेर सरपंच मोहन सिंह मालवीय, ग्राम पंचायत सचिव, समस्त बैंको के अधिकारी, बैंक बी.सी एवं खाताधारक उपस्थित हुए 7 उक्त शिविर मे नागरिकों के खातों मे ऋद्ध-यद्बुष्ट, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत नामांकन , अटल पेंशन योजना अंतर्गत रजिस्ट्रेशन एवं प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत खाते खोले गए 7 भारतीय रिज़र्व बैंक भोपाल महाप्रबंधक हेमंत कुमार सोनी द्वारा उपस्थित नागरिकों को ऋद्ध-यद्बुष्ट करवाने की आवश्यकता एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की उपयोगिता के बारे मे जानकारी दी गयी उनके द्वारा नागरिकों को खातो मे ऋद्ध- यद्बुष्ट करवाने , डिजिटल ट्रांजेक्शन हेतु मोबाइल बैंकिंग से जुड़ने, बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत खाते खोलने के लाभ एवं खाता धारको को सतर्क रहने हेतु कहा गया 7 बैंक ऑफ़ इंडिया आंचलिक प्रबंधक अजीत कुमार शरण द्वारा बताया गया हमारे देश मे वर्ष 2014 मे प्रधानमंत्री जन धन योजना अंतर्गत नागरिको के लगभग 55 करोड़ खाते खुलवाये गए थे उक्त खातों को 10 वर्ष पूर्ण होने पर ऋद्ध-यद्बुष्ट होना अनिवार्य है उक्त खातों मे लगभग 23 करोड़ खातों मे ऋद्ध-यद्बुष्ट नहीं हुआ है इस हेतु शासन द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है इस हेतु नागरिकों को खातों मे ऋद्ध-यद्बुष्ट एवं शासन की जन बीमा योजनाओ से जुड़ने हेतु कहा गया एवं इसी के साथ शिविर संपन्न हुआ 7कार्यक्रम का संचालन कालापीपल,भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल मीणा (फौजी) द्वारा किया गया, इसी कार्यक्रम में मध्य प्रदेश बैंक मित्र संगठन द्वारा आर,बी,आई, महाप्रबंधक को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया जिसमें बिचौलिया कंपनी द्वारा शोषण करने परेशान करने आईडी बंद करने एवं मानदेय न देने पर दिया गया।

-विनोद कुमार कुशवाह
अग्रणी जिला प्रबंधक
शाजापुर